# उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग
# सामान्य अध्ययन
# प्रारम्भिक परीक्षा-2013 (प्रथम प्रश्न-पत्र)

**समय : 2 घंटे** **अधिकतम अंक : 200**

1. निम्नलिखित में से किन राज्यों में मार्च, 2013 में उच्च न्यायालय स्थापित किए गए हैं?
   1. अरुणाचल प्रदेश
   2. मेघालय
   3. मिजोरम
   4. त्रिपुरा

   नीचे दिए कूट से सही उत्तर चुनिए-

   कूट-
   (a) केवल 1 और 3 में
   (b) केवल 2 और 4 में
   (c) केवल 1, 2 और 3 में
   (d) 1, 2, 3 और 4

2. निम्नलिखित में से किस देश के राष्ट्रपति विद्रोह के कारण मार्च 2013 में पलायन कर कैमरून चले गए?
   (a) मध्य अफ्रीकी गणराज्य (सेंट्रल ऐफ्रिकन रिपब्लिक)
   (b) चाड
   (c) गेबन
   (d) कांगो गणराज्य (रिपब्लिक ऑफ कांगो)

3. 12 मार्च, 2013 को मॉरीशस के 45वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में निम्नलिखित भारतीय पदाधिकारियों में से कौन विशिष्ट अतिथि था?
   (a) विदेशी मामलों के मंत्री
   (b) राष्ट्रपति
   (c) प्रधानमंत्री
   (d) उपराष्ट्रपति

4. दक्षिण प्रशांत महासागर में स्थित द्वीप राष्ट्र जिसे 6 फरवरी, 2013 को आए भूकम्प से उठी सुनामी से भारी क्षति झेलनी पड़ी, है
   (a) सोलोमन आईलैण्ड (b) टूआटू
   (c) मार्शल आईलैण्ड (d) वानुआटू

5. पुस्तक "तेंदुलकर द क्रिकेटर ऑफ द संेचुरी" जिसका 20-3-2013 को दिल्ली में विमोचन किया गया, के लेखक हैं
   (a) कपिल देव (b) विमल कुमार
   (c) शेन वाटसन (d) सुनील गवास्कर

6. उत्तर प्रदेश सरकार ने 24 दिसम्बर, 2012 को अपने कार्यालयों में उद्योगपतियों एवं उद्योग संगठनों के सुलभ पहुँच के लिए पत्र (कार्ड) जारी करने का निर्णय लिया। इस कार्ड का नाम है।
   (a) रजत पत्र (b) स्वर्ण पत्र
   (c) प्लेटिनम पत्र (d) उद्योग पत्र

7. 2013 में, इलाहाबाद में संपन्न कुम्भ मेला में निम्नलिखित में से कौन-सा दिन शाही स्नान के लिए निश्चित नहीं था?
   (a) बसन्त पंचमी (b) महाशिवरात्रि
   (c) मकर संक्रांति (d) मौनी अमावस्या

8. फरवरी, 2013 में सम्पन्न 85वें एकेडमी अवार्ड्स समारोह में सर्वश्रेष्ठ फिल्म का ऑस्कर जीता
   (a) आर्गो ने (b) ले मिजरेबल्स ने
   (c) लाइफ आफ पाई ने (d) लिंकन ने

9. निम्नलिखित में से किसे 2013 में पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया?
   (a) आदि बी. गोदरेज (b) डॉ. कनक रेले
   (c) डॉ. वी.के. सारस्वत (d) प्रो. आर. नरसिम्हा

10. वास्तुकला में नोबेल पुरस्कार के समकक्ष माने जाने वाला 2013 का प्रिट्जकर वास्तुकला पुरस्कार, जिसकी घोषणा लॉज एंजेलिस में मार्च, 2013 में की गई थी, किसने जीता?
    (a) रेंजो पियानो ने (b) टाडाओ एण्डो ने
    (c) टोया इटो ने (d) वांग सू ने

11. फरवरी, 2013 में द हेग के स्थायी पंचाट न्यायालय (परमानेंट कोर्ट ऑफ आरबिट्रेशन) द्वारा निम्नलिखित में से किस परियोजना के बारे में भारत के पक्ष में निर्णय दिया गया?
    (a) बगलिहार शक्ति परियोजना
    (b) किशनगंगा जलविद्युत परियोजना
    (c) सावलाकोट शक्ति परियोजना
    (d) सलाल जल विद्युत परियोजना

12. शिव ग्रंथत्रय जिसकी तीसरी पुस्तक "द ओथ ऑफ वायुपुत्राज" का विमोचन फरवरी 2013 में हुआ था, किसके द्वारा लिखी गई है?
    (a) अमीश त्रिपाठी द्वारा
    (b) आनन्द नीलकान्तन द्वारा
    (c) अशोक बैंकर द्वारा
    (d) अश्विन सांगी द्वारा

13. हाल में प्रदर्शित फिल्म "काई पो छे" किस उपन्यास पर आधारित है?
    (a) लश्कर पर
    (b) द लविंग डॉल पर
    (c) द स्टोरी ऑफ माई मैरेज पर
    (d) द 3 मिस्टेक्स ऑफ माई लाइफ पर

14. मार्च, 2013 में किस प्रतिष्ठित भारतीय पत्रकार को टाइम इंटरनेशनल का सम्पादक नियुक्त किया गया है?
(a) बॉबी घोष को (b) फरीद जकारिया को
(c) टुंकु वरदराजन को (d) संजय गुप्ता को

15. हाल ही में आधारभूत संरचना के क्षेत्र में निवेश पर भारतीय उद्योग मंत्री आनन्द शर्मा और शेख लुबना बिन खालिद अल कासिमी ने जिस समझौते पर हस्ताक्षर किए वह किस देश के साथ समझौता का द्योतक है?
(a) ईरान (b) सऊदी अरब
(c) तुर्की (d) संयुक्त अरब अमीरात

16. फरवरी 10, 2013 को कुम्भ के दौरान इलाहाबाद रेलवे स्टेशन पर भीड़ हादसे की जाँच हेतु निम्नलिखित में से किसे नामित किया गया है?
(a) माननीय न्यायमूर्ति ओंकारेश्वर भट्ट
(b) माननीय न्यायमूर्ति रवि एस. धवन
(c) माननीय न्यायमूर्ति वी.के. खन्ना
(d) माननीय न्यायमूर्ति ए.बी. श्रीवास्तव

17. सूची-I को सूची-II में सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये :

| **सूची-I (जैवमंडल भण्डार)** | | **सूची-II (अवस्थिति)** | |
|---|---|---|---|
| A. | नोकरेक | 1. | केरल |
| B. | मनास | 2. | असम |
| C. | दिहांग-दिबांग | 3. | मेघालय |
| D. | अगस्त्यमलाई | 4. | अरुणाचल प्रदेश |

कूट-

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (b) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (c) | 4 | 1 | 3 | 2 |
| (d) | 1 | 4 | 2 | 3 |

18. पूर्वी सीबीआई निदेशक अश्विनी कुमार हाल ही में राज्यपाल बने हैं
(a) असम के (b) बिहार के
(c) महाराष्ट्र के (d) नागालैंड के

19. किस देश के राजदूत हाल ही में इसलिए समाचार में थे क्योंकि उन्होंने भारतीय सर्वोच्च न्यायालय में शपथ-पत्र देकर भी उसका अनुपालन सुनिश्चित नहीं किया था?
(a) इटली के
(b) पुर्तगाल के
(c) श्रीलंका के
(d) संयुक्त राज्य अमेरिका के

20. निम्नलिखित में से कौन जयपुर साहित्य आयोजन (जनवरी, 2013) में विवाद के केंद्र में था?
(a) सलमान रुश्दी (b) आशीष नन्दी
(c) तस्लीमा नसरीन (d) अरविन्द आदीगा

21. पारिस्थितिक तंत्र के जैविक घटकों में कौन उत्पादक घटक है?
(a) गाय (b) मोर
(c) बाघ (d) हरे पौधे

22. कथन (A) : मरुस्थल शाश्वत ऊर्जा उत्पादन के प्रभावकारी स्रोत हो सकते हैं।
कारण (R) : जितनी ऊर्जा मानव जाति एक वर्ष में उपभोग करती है, उससे अधिक ऊर्जा मरुस्थल छह घंटों में सूर्य से प्राप्त कर लेते हैं।
नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए-
(a) (A) तथा (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है।
(b) (A) तथा (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है।
(d) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है।

23. निम्नलिखित में से कौन-सा गैस समूह ''ग्रीन हाउस प्रभाव'' में योगदान देता है?
(a) अमोनिया तथा ओजोन
(b) कार्बन मोनोक्साइड तथा सल्फर डाइऑक्साइड
(c) कार्बन टेट्राफ्लोराइड तथा नाइट्रस ऑक्साइड
(d) कार्बन डाइऑक्साइड तथा मेथेन

24. सर्वाधिक स्थायी पारिस्थितिक तंत्र निम्नलिखित में से कौन है?
(a) मरुस्थल (b) पर्वत
(c) महासागर (d) वन

25. विलुप्त होने वाली प्रजातियों की सूचीबद्धता होती है।
(a) डेड स्टॉक बुक में
(b) रेड डाटा बुक में
(c) लाइव स्टॉक बुक में
(d) उपर्युक्त में से किसी में नहीं

26. निम्नलिखित में से कौन-सी जैवविविधता के संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण रणनीति है?
(a) जैवमंडल रिजर्व
(b) वनस्पति उद्यान
(c) राष्ट्रीय पार्क
(d) जंगली जन्तु अभयारण्य

27. यूरो-II मानकों को पूरा करने के लिए अति अल्प सल्फर डीजल में सल्फर की मात्रा क्या होनी चाहिए?
(a) 0.05 प्रतिशत (b) 0.10 प्रतिशत
(c) 0.15 प्रतिशत (d) 0.20 प्रतिशत

28. निम्नलिखित रोगों में कौन टाइगर मच्छरों द्वारा संचारित नहीं होता है?
(a) पीत ज्वर (b) डेंगू
(c) चिकनगुनिया (d) जापानी एनसेफेलाइटिस

29. जलवायु परिवर्तन के कारण है
(a) ग्रीन हाउस गैसें (b) ओजोन पर्त का क्षरण
(c) प्रदूषण (d) उपर्युक्त सभी

30. निम्नलिखित में से कौन पदार्थ सार्वत्रिक तापन उत्पन्न करने में योगदान नहीं करता है?
(a) सल्फर तथा नाइट्रोजन के ऑक्साइड
(b) मेथेन
(c) कार्बन डाइऑक्साइड
(d) जलवाष्प

31. निम्नलिखित में से कौन-सी ''एजेंडा-21'' की सही परिभाषा है?
(a) यह मानवाधिकारों की रक्षा हेतु संयुक्त राष्ट्र संघ (यूएनओ) की कार्य योजना है।
(b) यह नाभिकीय निरस्त्रीकरण पर 21 अध्यायों की पुस्तक है।
(c) यह 21वीं सदी में विश्व पर्यावरण संरक्षण हेतु एक कार्य योजना है।
(d) यह दक्षिण एशिया क्षेत्रीय सहयोग संघ (SAARC) की आगामी बैठक में अध्यक्ष के चुनाव हेतु एजेंडा है।

32. 'इको मार्क' योजना 1991 में उपभोक्ताओं को ऐसे उत्पादों को खरीदने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु आरंभ की गई जिनका पर्यावरणीय प्रभाव कम हानिकार हो। निम्नलिखित उपभोक्ता उत्पादों में से कौन-सा इस योजना के अन्तर्गत अधिसूचित नहीं है?
(a) साबुन एवं अपमार्जक
(b) कागज एवं प्लास्टिक
(c) सौंदर्य प्रसाधन एवं ऐरोसॉल
(d) औषधियाँ एवं प्रतिजैविकी

33. निम्नलिखित में से कौन-सा वायु प्रदूषण का एक जैव सूचक है?
(a) फर्न (b) लाइकेन
(c) मनी प्लांट (d) अमरबेल

34. अम्ल वर्षा, निम्नांकित द्वारा वायु प्रदूषण के कारण होती है
(a) कार्बन डाईऑक्साइड
(b) कार्बन मोनोक्साइड
(c) मेथैन
(d) नाइट्रस ऑक्साइड एवं सल्फर डाइऑक्साइड

35. बच्चों में प्रोटीन की न्यूनता के कारण जो रोग उत्पन्न होता है वह है
(a) मैराम्मस (b) पिलाग्रा
(c) बेरी बेरी (d) रिकेट्स

36. सूर्य के प्रकाश के अदृश्य भाग से प्रकाश संश्लेषण किया जाता है, कुछ
(a) वृक्षों द्वारा (b) कवक द्वारा
(c) बैक्टीरिया द्वारा (d) फफूँद द्वारा

37. निम्नलिखित युग्मों में से कौन-सा सही सुमेलित है?
(a) बायोस्फीयर रिजर्व : एडवर्ड सुएस
(b) इको सिस्टम : एपीडी कंडोल
(c) इकोलॉजी : एजी टांसले
(d) जैव विविधता : रीटर

38. यूरो उत्सर्जन नियम, उत्सर्जन के मानक हैं और ये एक वाहन से उत्सर्जन के लिए सीमा निर्धारित करने के पैकेज प्रदर्शित करते हैं। निम्नलिखित गैसों में कौन इसके अन्तर्गत आच्छादित है?
(a) कार्बन मोनोक्साइड
(b) हाइड्रोकार्बन
(c) नाइट्रोजन ऑक्साइड
(d) उपर्युक्त सभी

39. निम्नलिखित वायु प्रदूषकों में से कौन रक्त धारा को दुष्प्रभावित कर मौत उत्पन्न कर सकता है?
(a) पोयगाई (b) तिरूज्ञान
(c) पूडम (d) तिरूमंगई

40. निम्नलिखित में से अलवर संत नहीं था?
(a) पोयगई (b) तिरूज्ञान
(c) पूडम (d) तिरूमंगई

41. गौतम बुद्ध द्वारा अपने धर्म में दीक्षित किया जाने वाला अन्तिम व्यक्ति निम्नलिखित में से कौन था?
(a) आनन्द (b) सारिपुत्त
(c) मोग्गलान (d) सुभद्द

42. मौर्यकाल में 'सीता' से तात्पर्य है
(a) एक देवी
(b) एक धार्मिक सम्प्रदाय
(c) राजकीय भूमि से प्राप्त आय
(d) ऊसर भूमि

43. फिरोज तुगलक द्वारा स्थापित 'दार-उल-शफा' क्या था?
(a) एक दानशाला
(b) एक खैराती अस्पताल
(c) एक पुस्तकालय
(d) तीर्थयात्रियों के लिए एक अतिथिगृह

44. उत्तर भारत में चाँदी का सिक्का 'टंका' जारी करने वाला कौन मध्यकालीन शासक था?
(a) इल्तुतमिश (b) रजिया
(c) अलाउद्दीन खलजी (d) मोहम्मद तुगलक

45. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सही सुमेलित नहीं है।
(a) पुनः जजिया लगाना - फर्रूखसियर
(b) मुसलीपट्टम पर अधिकार - फोर्ड
(c) सती प्रथा निषेध अधिनियम - लॉर्ड विलियम बेंटिंक
(d) दासता का अंत - मैल्कम

46. गायत्री मंत्र के नाम से प्रसिद्ध मंत्र सर्वप्रथम किस ग्रंथ में मिलता है?
(a) भगवद् गीता (b) अथर्ववेद
(c) ऋग्वेद (d) मनुस्मृति

47. शिव की 'दक्षिणापूर्ति' प्रतिमा उन्हें किस रूप में प्रदर्शित करती है?
(a) शिक्षक (b) नृत्य करते हुए
(c) विश्राम करते हुए (d) ध्यानमग्न

48. चीनी लेखक भारत का उल्लेख किस नाम से करते हैं?
(a) फो-क्वो-की (b) यिन-तु
(c) सि-यू-को (d) सिकिया-पोनो

49. निम्नलिखित में से किस आंदोलन के साथ अरुणा आसफ अली जुड़ी हैं?
(a) असहयोग आंदोलन
(b) सविनय अवज्ञा आंदोलन
(c) वैयक्तिक सत्याग्रह
(d) भारत छोड़ो आंदोलन

50. सूची-। को सूची-।। में सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये :

| | **सूची-।** | | **सूची-।।** |
|---|---|---|---|
| A. | लेडी कैथरीन मेयो | 1. | फ्रीडम एट मिडनाइट |
| B. | लारी कॉलिंस डोमिनिक लापियेरे | 2. | मदर इंडिया |
| C. | राममनोहर लोहिया | 3. | डिस्कवरी ऑफ इंडिया |
| D. | जवाहरलाल नेहरू | 4. | गिल्टी मेन ऑफ इंडियाज पार्टीशन |

कूट-

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (b) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (c) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (d) | 4 | 3 | 2 | 1 |

51. अकबर की इच्छानुसार किसने रामायण का फारसी में अनुवाद किया था?
(a) अबुल फजल
(b) अब्दुल कादिर बदायूंनी
(c) फैजी
(d) अब्दुर रहीम खाँ-इ-खान

52. निम्नलिखित में से किसने जहाँगीर के विरूद्ध विद्रोह किया था?
1. आसफ खाँ
2. खुर्रम
3. महाबत खाँ
4. खुसरो
कूट-
(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 2 और 4
(d) केवल 2, 3 और 4

53. निम्नलिखित में से कौन जहाँगीर के दरबार में ब्रिटिश शासक जेम्स प्रथम का राजदूत था?
(a) विलियम हॉकिंस (b) विलियम फिंच
(c) पीट्रा डेला विला (d) एडवर्ड टेरी

54. 1942 में कांग्रेस के बम्बई अधिवेशन में किसके द्वारा 'भारत छोड़ो' प्रस्ताव प्रस्तावित किया गया था?
(a) जवाहरलाल नेहरू (b) नरेंद्र देव
(c) राजेंद्र प्रसाद (d) जेबी कृपलानी

55. मुस्लिम लीग के लाहौर अधिवेशन (1940) की अध्यक्षता किसने की थी?
(a) लियाकत अली खाँ (b) चौधरी खलिकुज्जमान
(c) मोहम्मद अली जिन्ना (d) फातिमा जिन्ना

56. चम्पारण में ''तिनकठिया प्रथा'' का तात्पर्य था।
(a) 3/20 भू-भाग पर नील की खेती करना।
(b) 3/19 भू-भाग पर नील की खेती करना।
(c) 3/18 भू-भाग पर नील की खेती करना।
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

57. निम्नलिखित में से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के किस अधिवेशन में महात्मा गांधी ने कहा था, ''गांधी मर सकते हैं, परन्तु गांधी वाद हमेशा बना रहेंगा''?
(a) कलकत्ता अधिवेशन, 1928
(b) लाहौर अधिवेशन, 1929
(c) मद्रास अधिवेशन, 1927
(d) कराची अधिवेशन, 1931

58. किसने कहा था, ''तिलक भारतीय अशान्ति के जनक है''?
(a) वी. चिरोल (b) लुई फिशर
(c) वेब मिलर (d) लॉर्ड रीडिंग

59. माउंटबेटन योजना आधार बनी
(a) ब्रिटिश शासन की निरंतरता की।
(b) सत्ता के हस्तांतरण की।
(c) देश के विभाजन की।
(d) साम्प्रदायिक समस्याओं के समाधान की।

60. 1937 में प्रांतों में मंत्रिमण्डल के निर्माण के उपरान्त कांग्रेस का शासन कितने महीने चला था?
(a) 28 महीने (b) 29 महीने
(c) 30 महीने (d) 31 महीने

61. भारतीय संविधान के निम्नलिखित अनुच्छेदों में से किस एक के अन्तर्गत विधान परिषद की स्थापना या समाप्ति की व्यवस्था की गई है?
(a) अनुच्छेद 168 (b) अनुच्छेद 169
(c) अनुच्छेद 170 (d) अनुच्छेद 171

62. अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिए एक राष्ट्रीय आयोग गठित करने का प्रावधान, संविधान के किस अनुच्छेद के अन्तर्गत किया गया है?
(a) 338 और 338-A (b) 337
(c) 334 (d) 339

63. उत्तर प्रदेश विधान परिषद की सम्पूर्ण सदस्य संख्या है
(a) 105 (b) 106
(c) 107 (d) 108

64. लोक सभा में ऐंग्लो-इंडियन समुदाय के प्रतिनिधित्व के लिए प्रावधान संविधान में किस अनुच्छेद के अन्तर्गत किया गया है?
(a) 331 (b) 221
(c) 121 (d) 139

65. निम्नलिखित में कौन एक सही सुमेलित नहीं है?
(a) अनुच्छेद-39 A : समान न्याय एवं नि:शुल्क विधिक सहायता
(b) अनुच्छेद 40 : ग्राम पंचायतों का संगठन
(c) अनुच्छेद 44 : समान नागरिक संहिता
(d) अनुच्छेद 48 : न्यायपालिका का कार्यपालिका से पृथक्करण

66. डेक्कन एजुकेशनल सोसाइटी की स्थापना से कौन संबंधित था?
(a) जस्टिस रानाडे (b) फिरोज शाह मेहता
(c) बीजी तिलक (d) दयानंद सरस्वती

67. बॉम्बे, मद्रास और कलकत्ता में उच्च न्यायालयों की स्थ.ापना कब हुई?
(a) 1861 (b) 1851
(c) 1871 (d) 1881

68. आजाद हिन्द फौज के अधिकारियों के लाल किले में चल रहे मुकदमें में उनके पक्ष में निम्नलिखित में से किसने वकालत की थी?
(a) सीआर दास (b) मोतीलाल नेहरू
(c) एमए जिन्ना (d) सर टीबी सप्रू

69. जालियाँवाला बाग हत्याकांड के विरोध में निम्नलिखित में से किसने वाइसराय के कार्य परिषद से त्याग-पत्र दे दिया था?
(a) रबिन्द्रनाथ टैगोर (b) मदनमोहन मालवीय
(c) सर शंकर नायर (d) उपर्युक्त तीनों

70. जिस समिति ने लोकतांत्रिक विकेंद्रीकरण और पंचायत राज की सिफारिश की उसका सभापति कौन था?
(a) केएम पन्निकर (b) एचएन कुंजरू
(c) महात्मा गांधी (d) बलवन्त राय मेहता

71. पंचायत समिति के सदस्य
(a) खंड विकास अधिकारी द्वारा मनोनीत किए जाते हैं।
(b) जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा मनोनीत किये जाते हैं।
(c) प्रत्यक्ष रूप से जनता द्वारा निर्वाचित किये जाते हैं।
(d) ग्राम पंचायत के सदस्यों द्वारा अप्रत्यक्ष रूप से निर्वाचित किए जाते हैं।

72. निम्नलिखित में से कौन-सा कर भारत सरकार द्वारा नहीं लगाया जाता है?
(a) सेवा कर (b) शिक्षा कर
(c) सीमा कर (d) मार्ग कर (टोल टैक्स)

73. निम्नलिखित में से कौन एक संवैधानिक निकाय नहीं है?
(a) संघ लोक सेवा आयोग
(b) राज्य लोक सेवा आयोग
(c) वित्त आयोग
(d) योजना आयोग

74. संसद के सूचना अधिकार अधिनियम को भारत के राष्ट्रपति की स्वीकृति प्राप्त हुई
(a) 15 मई, 2005 को (b) 5 जून, 2005 को
(c) 15 जून, 2005 को (d) 12 अक्टूबर, 2005 को

75. किस राज्य का सचिवालय भवन ''राइटर्स बिल्डिंग'' के नाम से जाना जाता है?
(a) असम (b) पश्चिम बंगाल
(c) महाराष्ट्र (d) कर्नाटक

76. आनुपातिक प्रतिनिधित्व की व्यवस्था, निर्वाचन क्रिया प्रणाली के रूप में सुनिश्चित करती है
(a) बहुमत के शासन को
(b) सरकार में स्थिरता को
(c) सामान्य राजनीतिक सोच को
(d) अल्पसंख्यकों के प्रतिनिधित्व को

77. उदारीकरण, निजीकरण और भूमण्डलीकरण की नई आर्थिक नीति घोषित की गई, प्रधानमंत्री
(a) राजीव गांधी द्वारा
(b) विश्वनाथ प्रताप सिंह द्वारा
(c) नरसिम्हा राव द्वारा
(d) अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा

78. हमारे संविधान के किस भाग में तीन सोपानों में पंचायतें बनाने की परिकल्पना की गई है?
(a) भाग-9 (b) भाग-10
(c) भाग-11 (d) भाग-12

79. निम्नलिखित में से किसने सर्वप्रथम भारत के लिए औपनिवेशिक स्वराज्य की मांग की थी?
(a) राजगोपालाचारी और सरदार पटेल ने
(b) पंडित मोतीलाल नेहरू और गोविन्द बल्लभ पंत ने
(c) सर तेजबहादुर सप्रू और जयकर ने
(d) जवाहरलाल नेहरू और जगजीवनराम ने

80. निम्नलिखित में से कौन राज्य सरकार तथा स्थानीय शासन के बीच राजस्व बँटवारे के लिए उत्तरदायी है?
(a) मुख्यमंत्री (b) राज्यपाल
(c) राज्य वित्त आयोग (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

81. गांधीवादी अर्थव्यवस्था किस पर आधारित है?
(a) प्रतिस्पर्धा पर (b) न्यास पर
(c) राज्य नियंत्रण पर (d) इनमें से किसी पर नहीं

82. उत्तर प्रदेश जमींदारी उन्मूलन और भूमि सुधार अधिनियम 1950, अन्तर्निहित है
(a) 5वीं अनुसूची में (b) 7वीं अनुसूची में
(c) 9वीं अनुसूची में (d) 11वीं अनुसूची में

83. निम्नलिखित में से कौन एक त्वरित अवस्थापना विकास कोष के अन्तर्गत सम्मिलित नहीं है?
(a) ग्रामीण जलापूर्ति (b) ग्रामीण सड़कें
(c) ग्रामीण विद्युतीकरण (d) ग्रामीण उद्योग

84. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये :

| | **सूची-I (स्थान)** | | **सूची-II (उद्योग)** |
|---|---|---|---|
| A. | चुर्क | 1. | ताला |
| B. | फिरोजाबाद | 2. | खेल का सामान |
| C. | अलीगढ़ | 3. | सीमेंट |
| D. | मेरठ | 4. | चूड़ियाँ |

कूट-

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (b) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (c) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (d) | 3 | 2 | 1 | 4 |

85. भारत के सर्वोच्च न्यायालय के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?
(a) इसका केवल मूल क्षेत्राधिकार है।
(b) इसका केवल अपीलीय क्षेत्राधिकार है।
(c) इसका केवल परामर्श संबंधी क्षेत्राधिकार है।
(d) इसका मूल, अपीलीय और परामर्श संबंधी क्षेत्राधिकार है।

86. निम्नलिखित राज्यों में से किसमें 1967 से 1971 के मध्य अधिकतम गठबंधन सरकारें बनाने का रिकार्ड है?
(a) उत्तर प्रदेश (b) हरियाणा
(c) बिहार (d) पंजाब

87. निम्नलिखित कथनों में कौन सही नहीं है?
(a) संविधान संशोधन विधेयक संसद के दोनों सदनों द्वारा अलग-अलग विशेष बहुमत से पारित होना चाहिए।
(b) सर्वोच्च न्यायालय में संविधान संबंधी मामलों की सुनवाई कम से कम पाँच न्यायाधीशों द्वारा की जाती है।
(c) प्रेस की स्वतंत्रता, मूलाधिकार-वाक् स्वातंत्र्य और अभिव्यक्ति स्वातंत्र्य में सम्मिलित है।
(d) जाकिर हुसैन भारत के प्रथम उपराष्ट्रपति थे।

88. किसी देश की आर्थिक वृद्धि की सर्वाधिक उपयुक्त माप है।
(a) सकल घरेलू उत्पाद (b) शुद्ध घरेलू उत्पाद
(c) शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद (d) प्रति व्यक्ति उत्पाद

89. दक्षिण एशिया में वृद्ध जनसंख्या का सर्वाधिक प्रतिशत वाला देश है
(a) भूटान (b) भारत
(c) नेपाल (d) श्रीलंका

90. जनसंख्या के पिरैमिड में कौन-सा समूह आश्रित आबादी के रूप में जाना जाता है?
(a) 15-60 वर्ष आयु समूह
(b) 6 वर्ष के ऊपर आयु समूह
(c) 50 वर्ष के ऊपर आयु समूह
(d) 0-14 वर्ष के ऊपर आयु समूह

91. भारत में निम्नलिखित में से किस राज्य में नगरीय घनत्व सर्वाधिक है?
(a) महाराष्ट्र (b) पंजाब
(c) तमिलनाडु (d) पश्चिम बंगाल

92. नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया का प्रवर्तक है
(a) भारतीय स्टेट बैंक
(b) एलआईसी और जीआईसी
(c) आईडीबीआई
(d) उपर्युक्त सभी

93. 'स्वाधार' योजना है
(a) अद्वितीय पहचान के लिए
(b) पुरूषों हेतु स्वरोजगार
(c) कठिन परिस्थितियों में महिलाओं के लिए
(d) वरिष्ठ नागरिकों हेतु साझा गृह के लिए

94. "प्रधानमंत्री ग्रामोदय योजना" का ध्येय है
(a) ग्रामीण आवश्यकताओं की पूर्ति, जैसे कि प्राथमिक शिक्षा, स्वास्थ्य रक्षण, पेय जल, आवास, ग्रामीण सड़कें।
(b) सूक्ष्म उद्यमों द्वारा निर्धनता मुक्ति।
(c) ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन।
(d) पंचायत राज व्यवस्था का ग्रामीण क्षेत्रों में सुदृढ़ीकरण

95. भारत से निम्नलिखित में से कौन एक उत्पाद सामान्यत: निर्यात नहीं किया जाता है?
(a) गेहूँ (b) चावल
(c) चीनी (d) दालें

96. राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण 61वें दौर के आँकड़ों के अनुसार, चालू प्रतिदिन स्थिति के आधार पर ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में बेरोजगारी है, लगभग
(a) 8% (b) 5%
(c) 2% (d) 15%

97. राष्ट्रीय राजमार्ग विकास परियोजना के उत्तर-दक्षिण तथा पूर्व-पश्चिम गलियारे मिलते हैं
(a) कानपुर में (b) झाँसी में
(c) लखनऊ में (d) वाराणसी में

98. निम्नलिखित देशांतरों में कौन-सा भारत की "प्रामाणिक माध्याह्न रेखा' कहलाता है?
(a) $87^0$ 30' पूर्वी (b) $85^0$ 30' पूर्वी
(c) $84^0$ 30' पूर्वी (d) $82^0$ 30' पूर्वी

99. निम्नलिखित में से कौन सुमेलित नहीं है?
(a) नाथू ला - अरूणाचल प्रदेश
(b) लिपुलेख - उत्तराखण्ड
(c) रोहतांग - हिमाचल प्रदेश
(d) पालघाट - केरल

100. निम्नलिखित में से कौन भारत के प्राकृतिक बंदरगाह हैं?
1. चेन्नई
2. कोच्चि
3. तुतीकोरिन
4. विशाखापट्नम
नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए-
(a) 1 तथा 2
(b) 1 तथा 3
(c) 2 तथा 3
(d) 2 तथा 4

101. 2011 की अंतिम जनगणना के अनुसार जनसंख्या को दृष्टि में रखते हुए निम्नलिखित राज्यों की अवरोही क्रम में प्रस्तुत कीजिये-
1. आन्ध्र प्रदेश
2. बिहार
3. महाराष्ट्र
4. उत्तर प्रदेश
नीचे के कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए-
(a) 2, 4, 1, 3 (b) 4, 3, 2, 1
(c) 2, 3, 1, 4 (d) 4, 2, 3, 1

102. मानसिक रूप से विकलांग हेतु राष्ट्रीय संस्थान निम्नलिखित में से कहाँ अवस्थित है?
(a) हैदराबाद (b) नई दिल्ली
(c) कोलकाता (d) चेन्नई

103. फेमा (विदेश मुद्रा प्रबंधन अधिनियम) को अन्तिम रूप से लागू किया गया वर्ष
(a) 1991 (b) 1997
(c) 2002 (d) 2007

104. निम्नलिखित नदियों में से किसका उद्गम भारत में नहीं है?
(a) सतलज (b) रावी
(c) चेनाव (d) ब्यास

105. सूची-I को सूची-II में सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये :

| | **सूची-I (उद्योग)** | | **सूची-II (स्थान)** |
|---|---|---|---|
| A. | कागज | 1. | अम्बाला मुकुल |
| B. | सीमेंट | 2. | भिलाई |
| C. | लोहा और इस्पात | 3. | टीटागढ़ |
| D. | खनिज तेल शोधन शाला | 4. | लखेरी |

कूट-

| | **A** | **B** | **C** | **D** |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 4 | 3 | 1 |
| (b) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (c) | 4 | 2 | 1 | 3 |
| (d) | 2 | 3 | 1 | 4 |

106. कथन (A) : काली मिट्टी कपास की खेती के लिए उपयुक्त है।
कारण (R) : उनमें जैव तत्व प्रचुर मात्रा में होता है।
नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए-
(a) (A) तथा (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है।
(b) (A) तथा (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है।
(d) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है।

107. निम्नलिखित आर्द्र क्षेत्रों में किन्हें रामसर का दर्जा प्राप्त है?
1. चिल्का झील
2. लोकटक
3. केवलादेव
4. वूलर झील
नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए-
(a) केवल 1 तथा 2 (b) केवल 2 तथा 3
(c) 1, 2 और 3 (d) सभी

108. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये :

| | **सूची-I** | | **सूची-II** |
|---|---|---|---|
| A. | उकाई | 1. | झारखण्ड |
| B. | पत्रातू | 2. | गुजरात |
| C. | पेंच | 3. | महाराष्ट्र |
| D. | डाभोल | 4. | मध्य प्रदेश |

कूट-

| | **A** | **B** | **C** | **D** |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (b) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (c) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (d) | 1 | 3 | 4 | 2 |

109. सूची-I को सूची-II में सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये :

| | **सूची-I** | | **सूची-II** |
|---|---|---|---|
| A. | डोनेट्स | 1. | जर्मनी |
| B. | कुजनेट्स्क | 2. | यूके |
| C. | लंकाशायर | 3. | रूस |
| D. | सार | 4. | यूक्रेन |

कूट-

| | **A** | **B** | **C** | **D** |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (c) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (d) | 1 | 3 | 2 | 4 |

110. किस देश में उसके भौगोलिक क्षेत्र का उच्चतम प्रतिशत वनाच्छदित है?
(a) चीन (b) भारत
(c) इंडोनेशिया (d) जापान

111. जहाँ चीन ने ब्रह्मपुत्र नदी पर नवम्बर, 2010 में एक बाँध निर्माण करना प्रारम्भ किया है वह स्थान है
(a) चेंगड्यू (b) जाँगमऊ
(c) जुआँग (d) ग्यांगसी

112. सूची-I को सूची-II में सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये :

| | **सूची-I (उद्योग)** | | **सूची-II (केंद्र)** |
|---|---|---|---|
| A. | एल्युमीनियम | 1. | मलांजखंड |
| B. | ताँबा | 2. | दुण्डू |
| C. | जस्ता | 3. | जे के नगर |
| D. | जूट | 4. | भाटपाड़ा |

कूट-

| | **A** | **B** | **C** | **D** |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (b) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (c) | 1 | 4 | 2 | 3 |
| (d) | 1 | 2 | 3 | 4 |

113. रामसेतु शुरू होता हैं
(a) धनुष्कोडि से (b) मण्डपम् से
(c) पम्बन से (d) रामेश्वरम् से

114. निम्नलिखित में से कौन सुमेलित नहीं है?
(a) बोलीविया - टिन
(b) ब्राजील - लौह अयस्क
(c) मेक्सिको - चाँदी
(d) पेरू - नाइट्रेट

115. विश्व में कुल कहवा उत्पादन के प्रतिशत की दृष्टि से शीर्षस्थ देश है
(a) कोलम्बिया (b) ब्राजील
(c) भारत (d) इथियोपिया

116. निम्नलिखित संघ शासित राज्यों में स्त्री साक्षरता 2011 की जनगणना के अनुसार उच्चतम है–
(a) पुडुचेरी (b) चण्डीगढ़
(c) दमन एण्ड दीव (d) लक्षद्वीव

117. एक दंत चिकित्सक द्वारा रोगी के दाँतों की जाँच के लिए प्रयुक्त दर्पण है
(a) अवतल (b) उत्तल
(c) समतल (d) बेलनाकार

118. बेतार संचार पृथ्वी की सतह को निम्नांकित द्वारा परावर्तित किया जाता है?
(a) क्षोभ मंडल (b) समताप मंडल
(c) आयन मंडल (d) बहिर्मंडल

119. निम्नलिखित देशों को उनके नाभिकीय शक्ति संयंत्रों की संख्या के अवरोही क्रम में व्यवस्थित कीजिए और सही उत्तर का चयन नीचे दिए गए कूट से कीजिए–
1. फ्राँस
2. जापान
3. रूस
4. संयुक्त राज्य अमेरिका
कूट
(a) 3, 4, 2, 1 (b) 3, 1, 4, 2
(c) 4, 1, 2, 3 (d) 4, 3, 2, 1

120. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये :

| | **सूची-I (नदी)** | | **सूची-II (बाँध)** |
|---|---|---|---|
| A. | कोलोरेडो | 1. | अस्वान |
| B. | दामोदर | 2. | कैरीबा |
| C. | नील | 3. | पंचेल हिल |
| D. | जाम्बेजी | 4. | हूवर |

कूट–

| | **A** | **B** | **C** | **D** |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 1 | 3 | 4 | 2 |
| (c) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (d) | 4 | 3 | 1 | 2 |

121. निम्नलिखित में से कौन सा देश अपने कुल निर्यात से प्राप्त धन का लगभग दो तिहाई चावल के व्यापार से प्राप्त करता है?
(a) जापान (b) थाईलैण्ड
(c) म्यांमार (d) इण्डोनेशिया

122. टेलीविजन के दूरस्थ नियंत्रण के लिए किस प्रकार के विद्युत चुम्बकीय विकिरण का उपयोग किया जाता है?
(a) अवरक्त (b) पराबैंगनी
(c) दृश्य (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

123. वायुमंडल में उपस्थित ओजोन द्वारा निम्नलिखित विकिरण अवशोषित किया जाता है–
(a) अवरक्त (b) दृश्य
(c) पराबैंगनी (d) सूक्ष्म तरंगें

124. पीने के पानी को शुद्ध करने के लिए निम्नांकित गैसों में से किसे प्रयोग में लाया जाता है?
(a) सल्फर डाइऑक्साइड (b) क्लोरीन
(c) फ्लोरीन (d) कार्बन डाइऑक्साइड

125. इसरों का 100वां स्पेस मिशन सितम्बर, 2012 में कहाँ छोड़ा गया था?
(a) श्रीहरिकोटा (आन्ध्र प्रदेश)
(b) महेन्द्र गिरि (तमिलनाडु)
(c) थुम्बा (तिरूवनन्तपुरम्)
(d) बंगलुरू (कर्नाटक)

126. सितम्बर 2012 के अंत में भारत ने सफलतापूर्वक अपने सर्वाधिक भार वाले संचार उपग्रह का प्रक्षेपण किया, जिसका नाम है
(a) OCEANSAT (IRS-P)
(b) LANDSAT-10
(c) GSAT-10
(d) SPOT

127. मार्च 2 से 4, 2013 को उत्तर प्रदेश विज्ञान कांग्रेस आयोजित की गई
(a) काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी में
(b) लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ में
(c) रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली में
(d) डीडीयू गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर में

128. एक निश्चित आकृति में व्यवस्थित ताराओं का समूह, कहलाता है
(a) आकाश गंगा (b) नक्षत्र
(c) एंड्रोमीडा (d) सौर मण्डल

129. प्रशीतन खाद्य परिरक्षण में मदद करता है।
(a) जीवाणुओं को मार कर।
(b) जैव-रासायनिक अभिक्रियाओं की दर कम करके।
(c) एंजाइम क्रिया नष्ट करके।
(d) खाद्य पदार्थ को बर्फ की परत से ढक कर।

130. किस स्तर (डेसीबल में) से अधिक की ध्वनि खतरनाक ध्वनि प्रदूषण कहलाता है?
(a) 30 डीबी (b) 40 डीबी
(c) 60 डीबी (d) 80 डीबी

131. एक हालिया समाचार (मार्च 2013) के अनुसार भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) और अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी, नासा ने निम्नलिखित में से कौन से वैज्ञानिक प्रयासों में सहयोग के लिए एक कार्यकारी समूह बनाने की सहमति जताई है?
(a) भावी चंद्र एवं मंगल मिशन
(b) मौसम विज्ञान तथा अंतरिक्ष में खोज
(c) ग्रह एवं सूर्य से संबंधित भौतिकी
(d) उपर्युक्त सभी

132. सूची-। को सूची-।। से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये :

| | सूची-। | | सूची-।। |
|---|---|---|---|
| A. | क्यूरिओसिटी रोवर | 1. | टेबलेट |
| B. | मेसेंजर | 2. | डीआरडीओ का मानव रहित वायुयान |
| C. | रूस्तम-। | 3. | यूएसए का मंगल ग्रह अन्वेषी अंतरिक्ष यान |
| D. | आकाश-2 | 4. | नासा का बुध ग्रह अन्वेषी अन्तरिक्ष यान |

कूट-

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (b) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (c) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (d) | 1 | 2 | 3 | 4 |

133. 29 मार्च, 2013 को एक रूसी अंतरिक्ष यान ने अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर मात्र 6 घंटे में पहुँच कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया, जबकि इसके पूर्व अंतरिक्ष यान आईएसएस में दो से तीन दिन का समय लिया करते थे। यह अंतरिक्ष यान कौन-सा है?
(a) स्पूतनिक-।। (b) सोयूज
(c) जोन्ड (d) वेनेरा

134. भौतिकी में 2012 का नोबेल पुरस्कार, संयुक्त रूप से फ्राँस के एक वैज्ञानिक और अमेरिका के एक वैज्ञानिक को किस क्षेत्र में उनके शोध के लिए प्रदान किया गया है?
(a) स्पेक्ट्रोस्कोपी (b) इलेक्ट्रॉनिक्स
(c) क्वाण्टम भौतिकी (d) खगोल भौतिकी

135. फरवरी-मार्च 2013 में सम्पन्न भारत-ऑस्ट्रेलिया टेस्ट श्रृंखला में ''मैन ऑफ द सीरिज'' किसे घोषित किया गया?
(a) चेतेश्वर पुजारा (b) एमएस धोनी
(c) रविन्द्र जडेजा (d) आर अश्विन

136. फरवरी, 2013 में संपन्न आईसीसी 'महिला विश्व कप' का विजेता था
(a) ऑस्ट्रेलिया (b) इंग्लैण्ड
(c) न्यूजीलैण्ड (d) वेस्टइंडीज

137. 18 मार्च, 2013 को आयोजित 60वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह में किसे सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री घोषित किया गया?
(a) डॉली अहलुवालिया को
(b) रानी मुखर्जी को
(c) श्रीदेवी को
(d) उषा जाधव को

138. भारत द्वारा ब्रह्मोस क्रूज 'मिसाइल के किस संस्करण का मार्च, 2013 में सफलता पूर्वक परीक्षण किया गया?
(a) वायुयान संस्करण (b) पोत संस्करण
(c) भूमि संस्करण (d) पनडुब्बी संस्करण

139. अक्टूबर, 2012 में किस सम्मेलन में प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने 'हैदराबाद प्रतिज्ञा' पाँच करोड़ डॉलर खर्च करने के लिए घोषित किया?
(a) जैव विविधता पर सम्मेलन में
(b) जनसंख्या नियंत्रण पर सम्मेलन में
(c) एचआईवी निराकरण पर सम्मेलन में
(d) उपर्युक्त में से किसी में नहीं

140. प्रोटीन की प्रचुरता वाले खाद्य पदार्थों में उपस्थित एमीनो अम्ल, टायरोसीन के बारे में निम्नलिखित कथनों में से कौन एक सही नहीं है?
(a) यह ऊर्जा के स्तर को बढ़ाने में सहायता कर सकता है।
(b) यह भावात्मक और पर्यावरणीय दबावों का सामना कर सकता है।
(c) यह उदासी से लड़ सकता है।
(d) यह बुढ़ापे के लिए उत्तरदायी मुक्त मूलकों के विरूद्ध कर सकता है।

141. नए पोप, फ्राँसिस प्रथम निवासी हैं
(a) अर्जेंटीना के (b) बोलीविया के
(c) ब्राजील के (d) वेनेजुएला के

142. उत्तर प्रदेश में एक 'बब्बर शेर सफारी' स्थापित किया जा रहा है
(a) बलरामपुर में (b) इटावा में
(c) महराजगंज में (d) पीलीभीत में

143. वर्ष 2015 के क्रिकेट विश्वकप आयोजित होगा
(a) ऑस्ट्रेलिया तथा न्यूजीलैण्ड में
(b) इंग्लैण्ड में
(c) दक्षिण अफ्रीका में
(d) वेस्टइंडीज में

144. उत्तर प्रदेश में आईटी सिटी की स्थापना की जा रही है
(a) इलाहाबाद में (b) कानपुर में
(c) लखनऊ में (d) वाराणसी में

145. मार्च, 2013 में ब्रिक्स का शिखर सम्मेलन सम्पन्न हुआ
(a) केपटाउन में (b) डरबन में
(c) जोहानेसबर्ग में (d) प्रिटोरिया में

146. 25 फरवरी, 2013 को श्रीहरिकोटा से भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने ''सरल'' उपग्रह के अलावा अन्य देशों के छः और उपग्रहों को अंतरिक्ष में प्रक्षेपित किया जिनकी (विदेशों) की संख्या है
(a) 3 (b) 4
(c) 5 (d) 6

147. 20 जनवरी, 2013 को सम्पन्न, 58वें फिल्म फेयर समारोह में ''लाइफ टाइम एचीवमेंट'' अवार्ड से नवाजा गया-
(a) स्वर्गीय यश चोपड़ा को
(b) जीनत अमान को
(c) महेश भट्ट को
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

148. निम्नलिखित में से किस अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी को 2013 का यश भारती पुरस्कार प्रदान किया गया?
(a) प्रवीन कुमार को (b) भुवनेश्वर कुमार को
(c) सुरेश रैना को (d) आर.पी. सिंह को

149. निम्नलिखित में से किस विदेशी उच्च पदाधिकारी ने अपने फरवरी 2013 के भारत दौरे के समय जलियाँवाला बाग का निरीक्षण किया?
(a) कनाडा के प्रधानमंत्री (b) ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री
(c) फ्राँस के राष्ट्रपति (d) ब्रिटेन के प्रधानमंत्री

150. फरवरी, 2013 में दक्षिण कोरिया की प्रथम महिला राष्ट्रपति निम्नलिखित में से कौन बनी?
(a) पार्क जांग-सन (b) पार्क ग्यून-हाई
(c) कांग जी-वोन (d) किम सून-जा